# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

8 जून 2026, आश्विन कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली

**PAGE NO.- 05 : TOP**


# वुमेंस में गाजियाबाद की आरती व मेंस में सहारनपुर के अंश चैंपियन

## 13वीं श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हुआ समापान

**प्रतियोगिता**

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** 13वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। इस बार प्रतियोगिता का खिताब लखनऊ के युवा खिलाड़ी लक्ष्य के नाम रहा। पिछले वर्ष कैडेट बॉयज ( अंडर-13 ) में विजेता और सब जूनियर बॉयज ( अंडर-15 ) में उपविजेता रहे लक्ष्य ने इस साल शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15 और अंडर-13 के चारों वर्गों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की।

टूर्नामेंट के समापन पर उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के सेक्रेटरी अरुण बनर्जी, श्रीराम मूर्ति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी प्रमोद यादव और डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के सेक्रेटरी श्याम कुमार ने संयुक्त रूप से सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार राशि प्रदान की। इस दौरान दीपेंद्र कामथान, पराग अग्रवाल, डॉ. पुष्पेंद्र यादव, डॉ. विवेक यादव, सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।







आरती चौधरी और अंश सभरवाल को सम्मानित करते अतिथि।

**ये रहे विजेता:** वुमेंस कैटेगरी में गाजियाबाद की आरती चौधरी ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में आरती ने प्रयागराज की अंकिता गुप्ता को सीधे सेटों से हराया। मेंस कैटेगरी में गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को इस बार भी उपविजेता पद से संतोष करना पड़ा, क्योंकि फाइनल के कड़े मुकाबले में सहारनपुर के अंश सभरवाल ने हराकर जीत दर्ज की। चार अलग-अलग वर्गों के फाइनल में लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन किया। यूथ बॉयज ( अंडर-19 ) के फाइनल में लक्ष्य ने गौतमबुद्ध नगर के गर्व सिंगला को मात दी। इसके बाद जूनियर बॉयज ( अंडर-17 ) के खिताबी मुकाबले में उन्होंने मुरादाबाद के विख्यात कटियाल को हराया। सब जूनियर बॉयज ( अंडर-15 ) के फाइनल में लक्ष्य ने अपने ही शहर के शौर्य गोयल को सीधे सेटों से हराया, जबकि कैडेट बॉयज ( अंडर-13 ) वर्ग में उन्होंने गाजियाबाद के विक्रम दुबे को शिकस्त देकर अपना चौथा स्वर्ण पदक जीता। लड़कियों के अन्य आयु वर्गों में यूथ गर्ल्स ( अंडर-19 ) में गाजियाबाद की अनिका गुप्ता ने आगरा की चान्या बंसल को हराकर जीत दर्ज की।